Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding approval of Kendriya Vidyalaya at Bhaisdehi and Agricultural college in Baitul Parliamentary Constituency, Madhya pradesh

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल): अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र मध्य प्रदेश का वनांचल, बैतूल हरदा हरसूद जनजाति बहुत है। आजादी के 70 वर्षों से शिक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था की अपेक्षा मेरे लोक सभा के सभी भाई बहन कर रहे हैं। आपके माध्यम से केंद्रीय एचआरडी मंत्री जी से विनम्र अनुरोध करता हूं कि भैंसदेही में केंद्रीय विद्यायल की मांग 40 वर्षों से बनी हुई है। मुलताई और हरदा में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत कर दिए गए हैं, किंतु भवन आज तक नहीं बने हैं, जिसके लिए लगातार प्रयत्न किए जा रहे हैं। बैतूल बाजार में पर्याप्त कृषि भूमि है। कृषि महाविद्यालय की मांग पिछले 30 वर्षों से मेरे लोक सभा क्षेत्र में लम्बित है। इसी तरह से बैतूल में चिकित्सा महाविद्यालय की मांग अनेक वर्षों से लम्बित है। मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्री जी से एवं केंद्र सरकार से विनम्र प्रार्थना करता हूं कि हमारी शैक्षणिक समस्याओं को संज्ञान में लेकर हमारे जनजातीय क्षेत्र को अनुग्रहित करने की कृपया करें तथा समाधान की पहल करेंगे।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दुर्गा दास उइके द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।